कन्हैया तेरी एक निगाह

हीरे मोती मैं ना चाहूँ मैं तो चाहूँ संगम तेरा,
मैं तो तेरी कन्हैया तू है मेरा......
कन्हैया सांवरिया,
तेरी एक निगाह पर मैं वारि वारि जाऊं,
नैनो की भूल भुलैया में कहीं मैं ना गम हो जाऊं,
तेरे नाम में खो जाऊं,
कन्हैया सांवरिया ......

करुणा निदान प्यारे करुणा दिखाओ,
ओ हारे के सहारे गले से लगाओ,
तुम्हे मन की बात अपने खुल कर है आज बताना,
एक तेरा आसरा है ये दुश्मन है ज़माना,
मुझे हाल ए दिल कन्हैया है तुमको सुनाना,
कन्हैया सांवरिया .....

तुमसे भला छुपा है क्या मेरा फ़साना,
तेरे दर सिवा ना कोई दूजा ठिकाना,
मैंने कभी ना माँगा बिन बांगे सब दे डाला,
मैं था भिखारी दर का तूने शीश पर बिठाया,
तेरे प्रेम से बड़ा ना कोई खज़ाना,
कन्हैया सांवरिया ....

तेरी एक निगाह पर मैं वारि वारि जाऊं,
नैनो की भूल भुलैया में कहीं मैं ना गम हो जाऊं,
तेरे नाम में खो जाऊं.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22889/title/kanhayia-teri-ek-nigaah

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |